पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने हास्य कवि सम्मेलन में शिरकत की

लखनऊः 01 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज संस्था रंग भारती द्वारा रवीन्द्रालय चारबाग में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन 'घोघा बसंत' में शिरकत की। कवियों से परिचय प्राप्त करने के बाद राज्यपाल ने कहा कि 'मुझे अगर कविता करनी आती तो हास्य कवियों के बीच में होता। अगर हास्य कवियों के बीच में होता तो विधायक, सांसद और मंत्री भी न होता। उन्होंने कहा कि स्वास्थ के लिए हास्य जरूरी है। ऐसे आयोजन का अपना अलग महत्व है।'

राज्यपाल ने इस अवसर पर हास्य कवि श्री सुनील, श्री भोला, श्री प्रताप फौजदार सहित अन्य की रचनाओं को सुना एवं तारीफ की। रंग भारती के अध्यक्ष श्री श्याम कुमार ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा अपने विचार व्यक्त किये।

अंजुम/ललित/राजभवन (128/4)

संस्थापित १९६१
रंगभारती
५५ वर्षों से आयोजित हास्य- उत्सव
घोंघाबसन्त सम्मेलन
अध्यक्ष एवं निर्देशक- श्याम कुमार
१ अप्रैल .२०१६